विचारार्थ विषय

वरिष्ठ परामर्शदाता - मातृ स्वास्थ्य / (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

- मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और मातृ स्वास्थ्य हेतु प्रणाली सुदृढ़ीकरण के लिए तकनीकी और कार्यक्रम संबंधी सहायता उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी।
- मातृ और नवजात शिशु से संबंधित सेवा प्रदानगी में सुधार करने के लिए तकनीकी दिशानिर्देश और नवाचार विकसित करना।
- संभावित मातृ मृत्यु की समीक्षा सहित मातृ मृत्यु निगरानी एवं प्रतिक्रिया हेतु प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए तकनीकी और कार्यक्रम संबंधी सहायता कराना।
- मिसोप्रोस्टोल के समुदाय आधारित वितरण के क्रियान्वयन के सुदृढ़ीकरण हेतु तकनीकी और कार्यक्रम संबंधी सहायता उपलब्ध कराना।
- राज्यों में कार्यक्रम क्रियान्वयन की समीक्षा करने, क्रियान्वयन चुनौतियों की पहचान करने तथा समुचित समाधानों को अपनाने में राज्यों को सहयोग देने या राज्य में या राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी सुझावों के लिए समुचित संस्थानों के साथ लिंकेज संभव बनाने के लिए राज्यों और जिलों के आवधिक क्षेत्रीय दौरे करना आदि।
- क्रियान्वयन में सुधारों की सूचना देने के लिए क्षेत्रीय समीक्षा दौरों की विश्लेषणात्मक प्रलेखन का कार्य करना।
- मातृ स्वास्थ्य और संबंधित स्वास्थ्य प्रणालियों हेतु योजना बनाने के लिए जिला और राज्य स्तर पर क्षमता निर्माण करना।
- जनपदिक और एचएमआईएस दोनों इनपुट का उपयोग करते हुए राज्यों द्वारा प्रस्तुत योजनाओं की समीक्षा करना और उनमें सुधार करना।
- केन्द्र और राज्यों में मातृ मृत्यु दर की कमी हेतु कार्यनीतियों के क्रियान्वयन के लिए, समय-समय पर सहमति के अनुसार, तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना।
- रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्यों को करना।
- साहित्य की समीक्षा करना और स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण में मौजूदा रूझानों को अद्यतन रखना।
- नियमित आधार पर स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण के घटकों पर राज्य और राष्ट्रीय आंकड़े एकत्रित करना और उनका विश्लेषण करना।

- तकनीकी सहायता और कार्यक्रम ओवरसाइट के साधन के रूप में आंकड़ों और क्षेत्रीय निष्कर्षों का उपयोग करते हुए राज्यों में प्रगति के आवधिक रूपरेखा उपलब्ध कराना।
- उपर्युक्त सभी कार्यों को समयबद्ध रूप में पूरा करना।

पात्रता:

- न्यूनतम 6-8 वर्ष का अनुभव, जिसमें से 3-4 वर्ष का आरसीएच से संबंधित कार्यक्रमों के प्रबंधन में संगत अनुभव हो। जन स्वास्थ्य प्रणाली और संगत सरकारी नीतियों/कार्यनीतियों, विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य स्वास्थ्य सोसायटियों से परिचित हों। राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम/आरसीएच में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- किसी विख्यात और मान्यताप्राप्त संस्थान से सामाजिक कार्य/स्वास्थ्य प्रबंधन/एमबीए में स्नातकोत्तर डिग्री तथा जन स्वास्थ्य में डॉक्टर की डिग्री।
- सामान्य रूप से उपयोग होने वाले पैकेजों जैसे एमएस वर्ड, एक्सल, पावर प्वांइट व संगत आंकड़े व दस्तावेजों को ढूंढने के लिए वेव सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर सहित कंप्यूटर प्रवीणता।
- अंग्रेजी लिखने और बोलने का अच्छा ज्ञान तथा हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान हो, तथा एमएस ऑफिस और अन्य एप्लीकेशनों में कंप्यूटर का ज्ञान होना चाहिए।
- बहु-विषयक टीम परिवेश में कार्य करने की प्रमाणित क्षमता।
- क्षेत्रीय स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालन/जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढीकरण के कार्य में प्रमाणित अनुभव।
- तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्यों व जिलों की यात्रा करने की इच्छा और कार्य के लिए समय-सीमा पूरा करने के लिए विभिन्न कार्यों पर एक साथ कार्य करने की योग्यता ।
- औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और आयु में शिथिलता दी जा सकती है, जहां उच्च गुणवत्ता प्रकाशित कार्य है या विशेष प्रासंगिकता का कार्य अनुभव है।

आयु: दिनांक 1/4/2016 को अधिकतम आयु 55 वर्ष।
पारिश्रमिक: प्रतिमाह 1.30 लाख से 1.50 लाख रुपए के बीच।
स्थान: दिल्ली

आवेदन दिनांक 04.06.2016 को अपराह्न 4:बजे 00 तक ई मेल-srconsultant.mh@nhsrcindia.org पर या डाक द्वारा रूप में एचआर प्रबंधकदस्ती /, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली –110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी :

- अपने जीवन में आयुवृत्त-, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

- कृपया लिफाफे पर मेल द्वारा भेजने -ई) लाईन-आवेदित पद और सबजेक्ट (डाक द्वारा भेजने पर) त करेंख करना सुनिश्चिका उल्ले (पर, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ईमेल पते पर-, जीवन भेजना होगा।वृत्त-